BSNLEU

BSNL EMPLOYEES UNION
Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

P. Abhimanyu
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

बीएसएनएलईयू /102 (सर्कुलर सं. 09/2022–25) दिनांक 19 मई 2023

सेवा में,

सर्किल सचिव,
केंद्रीय पदाधिकारी
और जिला सचिव,

प्रिय साथियों,

- मानव श्रृंखला कार्यक्रम –01.06.2023
- गवर्नर निवास तक मार्च –14.06.2023
- दिल्ली चलो –26.06.2023

जैसा कि आप सभी को विदित है, नॉन–एक्जीक्यूटिव यूनियनों और एसोसिएषनों के संयुक्त मंच ने हमारे ज्वलंत मुद्दों के हल की मांग करते हुए अगले महीने जिला, सर्किल और अखिल भारतीय स्तर पर कर्मचारियों की भारी लामबंदी करने का निर्णय लिया है।

वेतन संषोधन का हल हमारे लिए जीवन मरण का मामला है। कर्मचारी वेतन संषोधन और ठहराव के मुद्दों के हल न होने को लेकर बहुत दुखी और उद्वेलित हैं। विष्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि अब डीओटी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंषन संषोधन को हल करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। अतः, वेतन संषोधन के मुद्दे को हल करने के लिए बीएसएनएल प्रबंधन और डीओटी पर दबाव बनाने के लिए भी हमारे लिए अनुकूल समय है। लेकिन, हमें इसके लिए अधिकतम लामबंदी करने की जरूरत है।

बीएसएनएल के 4 जी और 5 जी लांचिंग में असहनीय देरी से हर महीने लाखों ग्राहक बीएसएनएल छोड़ रहे है। अकेले वर्ष 2022 में ही, 77 लाख ग्राहकों ने बीएसएनएल छोड़ा है। जनवरी 2023 में 14 लाख और ग्राहक बीएसएनएल छोड़ कर चले गए हैं। फरवरी 2013 में सीएमडी बीएसएनएल ने यूनियनों और एसोसिएषनों को सूचित किया था कि, बीएसएनएल की 4 जी सेवा षुरू करने में 18 महीने और लगेंगे। इसका मतलब है कि, बीएसएनएल अपनी 4 जी सेवा केवल अगस्त 2024 के आस पास षुरू कर सकेगा। उस समय तक अधिकतर ग्राहक बीएसएनएल छोड़ चुके होंगे। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते।

जैसी कि संयुक्त मंच ने मांग की है, नॉन–एक्जीक्यूटिवों के लिए नई पदोन्नति नीति, एकदम उचित है। लेकिन प्रबंधन इसे स्वीकार नहीं कर रहा है। हम नॉन–एक्जीक्यूटिव और एक्जीक्यूटिव पदोन्नति नीतियों के बीच इस भेदभाव को जारी रहने की इजाजत नहीं दे सकते।

इन्हीं परिस्थितियों में नॉन–एक्जीक्यूटिव यूनियनों और एसोसिएषनों के संयुक्त मंच ने 15.05.2023 को ऑनलाइन मीटिंग की है और निम्न लिखित तीन स्तरीय कार्रवाई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

01.06.2023 को जिला मुख्यालयों पर मानव श्रृंखला कार्यक्रम

यह कार्यक्रम हमारी मांगों के समर्थन में आम जनता के समर्थन को लामबंद करने के लिए बेहद आवष्यक है। अतः, तमाम नॉन–एक्जीक्यूटिवों को लामबंद किया जाना चाहिए और जिन स्थानों पर बड़ी संख्या में आम लोग एकत्रित होते हैं वहां मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान हमारी मांगों

की तख्तियां (प्लेकार्ड) प्रमुखता से प्रदर्षित किए जाने चाहिएं। इस कार्यक्रम का स्थानीय मीडिया में प्रभावी तरीके से प्रचार करने के लिए भी कदम उठाए जाने चाहिएं।

14.06.2023 को गवर्नर निवास तक मार्च और ज्ञापन सौंपना
सभी सर्किल मुख्यालयों में गवर्नर निवास तक सफलतापूर्वक रैलियां आयोजित करने और ज्ञापन सौंपने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाने चाहिएं। कहने कह जरूरत नहीं है कि, मीडिया कवरेज की भी प्रभावी तरीके से व्यवस्था की जानी चाहिए। गवर्नरों/उनके प्रतिनिधियों को सौंपे जाने वाला ज्ञापन षीघ्र ही संयुक्त मंच द्वारा भेज दिया जाएगा।

26.06.2023 को दिल्ली चलों
संयुक्त मंच ने, हमारी मांगों को बिना देरी किए हल करने के लिए बीएसएनएल प्रबंधन और डीओटी पर दबाव डालने के लिए नई दिल्ली में एक भारी लामबंदी करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में भारी लामबंदी निष्चित रूप से सरकार को सही संदेष देगी। इसलिए नई दिल्ली में रैली में भाग लेने के लिए प्रत्येक सर्किल से अधिकतम साथियों को लामबंद किया जाना चाहिए।

खासतौर से, दिल्ली के नजदीक के सर्किलों, जैसे यूपी (पष्चिम), हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेष, उत्तराखंड, यूपी (पूर्वी), मध्य प्रदेष, बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा को रैली को व्यापक बनाने के लिए विषेष प्रयत्न करने चाहिएं। सेवारत कर्मचारियों के साथ साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी बड़ी संख्या में लामबंद करना चाहिए। संयुक्त मंच उपर्युक्त कार्यक्रम के लिए समर्थन देने के लिए सभी पेंषनर्स एसोसिएषनों को पत्र लिखेगा।

चूंकि हम बहुत ही षॉर्ट नोटिस पर ''दिल्ली चलो'' कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, सर्किल और जिला यूनियनों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली आने वाले साथियों के लिए फौरन यात्रा टिकट बुक करें।
बीएसएनएलईयू की, सबसे बड़ा संगठन होने के नाते, सभी कार्यक्रमों को भारी सफल बनाने की विषेष जिम्मेदारी है। बीएसएनएलईयू के सर्किल और जिला सचिवों से कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए संयुक्त मंच के अन्य घटकों और पेंषनर्स एसोसिएषनों से भी फौरन समन्वय करने का अनुरोध है।

हमारे पास बहुत कम दिन उपलब्ध हैं। इसलिए, सीएचक्यू, बीएसएनएलईयू की सभी सर्किल और जिला यूनियनों से अनुरोध करता है कि वे सभी कार्यक्रमों को भारी सफल बनाने के लिए फौरन कार्रवाई में उतर पड़ें।

सधन्यवाद

आपका

(पी. अभिमन्यु)
महासचिव